आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश संबंधी सूचना

समस्त राजकीय महाविद्यालयों में सत्र 2024-25 में **स्नातक पार्ट प्रथम** (सेमेस्टर-I) में प्रवेश हेतु दिनांक 10 जून से 19 जून, 2024 तक ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। इस हेतु अभ्यर्थियों को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा पोर्टल "http://hte.rajasthan.gov.in" पर "Admission" मेन्यू के अन्तर्गत Department of College Education पर क्लिक करना होगा। प्रवेश नीति, प्रवेश कार्यक्रम, ऑनलाईन आवेदन करने हेतु आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने की सूची सहित निर्देश, प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न/शंकाओं का समाधान (FAQs) इस पेज पर उपलब्ध है।

ऑनलाईन आवेदन हेतु राजस्थान के मूल निवासी के लिए जनआधार आईडी/ नामांकन संख्या अनिवार्य होगी। स्नातक पार्ट द्वितीय (सेमेस्टर-III), तृतीय एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के लिए प्रवेश नवीनीकरण प्रक्रिया 20 जून, 2024 से प्रारम्भ की जायेगी। विद्यार्थी दिनांक 19 जुलाई, 2024 तक ई-मित्र पर प्रवेश शुल्क जमा कराना सुनिश्चित करें।

प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी अन्य विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए अपने क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

-आयुक्त